मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-207
17/04/2021

राज्यपाल की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कोरोना संक्रमण को लेकर आयोजित सर्वदलीय बैठक में शामिल हुए मुख्यमंत्री

पटना, 17 अप्रैल 2021 :– राज्यपाल श्री फागू चौहान की अध्यक्षता में कोरोना संक्रमण को लेकर आयोजित सर्वदलीय बैठक में मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित संवाद से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार शामिल हुए।

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि बिहार में कोरोना संक्रमण प्रतिदिन तेजी से बढ़ रहा है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा कोरोना संक्रमण की अद्यतन स्थिति एवं उसे नियंत्रित करने के लिये किये जा रहे कार्यों की जानकारी दी गयी है। मेदांता अस्पताल को डेडिकेटेड कोविड हॉस्पीटल के रुप में परिणत कर कोरोना पीड़ितों का इलाज कराने को लेकर मेदांता अस्पताल के चेयरमैन श्री नरेश त्रेहान से बात हुयी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज की बैठक में सभी दलों से जो महत्वपूर्ण सुझाव आए हैं उन पर आपदा प्रबंधन समूह विचार करेगा और उसके आधार पर आगे की रणनीति तैयार करेगा। कल सभी जिलों के जिलाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक कर वस्तु स्थिति की जानकारी ली जाएगी। आज की बैठक में आए सुझावों और कल होने वाली बैठक में मिलने वाली जानकारियों के आधार पर निर्णय लिये जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दवा एवं ऑक्सीजन की उपलब्धता के लिए हमलोग सजग हैं। ज्यादा से ज्यादा कोरोना टीकाकरण हो इसके लिए हमलोग प्रयासरत हैं। कोरोना संक्रमण को लेकर लोगों को जागरुक करते रहना होगा। किसी भी आयोजनों में कम से कम लोग शामिल हों, लोग मास्क का प्रयोग जरूर करें, आपस में दूरी बनाकर रहें, अकारण घर से बाहर न निकलें, साबुन से हाथ धोते रहें। हमारा सबसे आग्रह है कि मिलजुलकर काम करें ताकि कोरोना संक्रमण का प्रभाव कम से कम हो।

बैठक के पश्चात् पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्यपाल महोदय की अध्यक्षता में आज सर्वदलीय बैठक हुई है, जिसमें सभी दलों के लोगों ने अपने–अपने महत्वूपर्ण सुझाव दिए हैं। उन सुझावों पर आज ही आपदा प्रबंधन समूह विचार करेगा। कल जिलाधिकारियों के साथ भी बैठक कर सारी जानकारी ली जाएगी। जो परिस्थिति है उसके आधार पर कल निर्णय लिया जाएगा। वो आखिरी निर्णय नहीं होगा आगे जैसी परिस्थिति बनेगी, उसके आधार पर निर्णय लिये जाएंगे। कल की तुलना में कोरोना के मामले आज और तेजी से बढ़े हैं।

******